## इंडस्ट्रियल पार्क बनने से स्थानीय उद्योगों को मिलेगा बढ़ावा, बड़ी तादात में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे

# एक्सप्रेसवे से लगे पांच जिलों में औद्योगिक पार्क बनेंगे

**हिन्दुस्तान खास**

राज्य मुख्यालय | विशेष संवाददाता

तीन एक्सप्रेस-वे के किनारे पांच जिलों में इंडस्ट्रियल हब बनेंगे। यहां औद्योगिक पार्क पीपीपी माडल पर विकसित होंगे। यह जिले आगरा, फिरोजाबाद, चित्रकूट, मैनपुरी व बाराबंकी हैं। इन इंडस्ट्रियल हब में स्थानीय उद्योगों को खासतौर पर बढ़ावा दिया जाएगा। इससे यहां बड़ी तादाद में प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रोजगार भी पैदा होगा।

प्रदेश में बन रहे या बन चुके एक्सप्रेस-वे के रूट में वह स्थान चिन्हित किए गए हैं जो औद्योगिक निवेश व विकास के लिहाज से खासे संभावनापूर्ण हैं।

आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे के नजदीक फिरोजाबाद में हरगुन को इंडस्ट्रियल पार्क के लिए चिन्हित किया गया है। इसी तरह आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे व यमुना एक्सप्रेसव को जोड़ने वाले आगरा जिले में बुहाना गांव की पहचान की गई है। बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे के तहत चित्रकूट में पोहरा में यह पार्क बनेगा। पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के तहत बाराबंकी में बारा गांव तय किया गया है। मैनपुरी में मुहब्बतपुर चिन्हित की गई है।



**03** एक्सप्रेस वे के किनारे इंडस्ट्रियल हब पीपीपी मॉडल पर बनेंगे

**02** जिलों मैनपुरी और बाराबंकी में जमीन के सर्वे का काम पूरा

इन सब जिलों के डीएम की अध्यक्षता में शासन ने सत्यापन समिति बना दी है। यूपीसीडा से यूपी इन्वेस्ट ने कहा है कि पहले चरण में बाराबंकी, मैनपुरी या फिरोजाबाद जिले को प्राथमिकता के आधार पर विकसित किया जाए। इन नए औद्योगिक पार्कों का विकास मिश्रित उद्योगों के लिए स्थानीय जरूरतों के आधार पर किया जाएगा ताकि स्थानीय लोग लाभान्वित हो सकें। आगरा और चित्रकूट जिले के इंडस्ट्रियल पार्कों को दूसरे चरण में विकसित किया जाएगा जबकि उन्नाव में पहले से ही जमीन तय कर ली गई है। इसमें यूपीसीडा ने मैनपुरी व बाराबंकी में जमीन सर्वे का काम कर लिया है।